| दिनांक 09.10.2025 |
|---|
| मिशन शक्ति प्रेस विज्ञप्ति 06/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**सुरक्षित महिला, सशक्त प्रदेश: मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के दृष्टिगत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

**मा० मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत व्यापक जागरूकता एवं अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के क्रम में **पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्णा** के द्वारा प्रदेश भर में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत व्यापक जागरूकता, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, हेल्प लाइन सेवाओं के प्रचार-प्रसार, बच्चियों/बालिकाओं के विरूद्ध अपराधों में संलिप्त अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी आदि के सम्बन्ध में व्यापक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन में **जनपद कानपुर देहात** एवं **जनपद हमीरपुर में दो अनोखी दौड़** का आयोजन किया गया।

**1- जनपद कानपुर देहात- "Run for Empowerment" (Run/Walkathon) का आयोजन**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा "Run for Empowerment" (Run/Walkathon) का आयोजन किया गया। दौड़ में महिला पुलिसकर्मी, अध्यापिकाएँ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्यकर्मी, प्रशासनिक विभागों की महिला अधिकारी एवं कर्मचारी, सहित समाज के विभिन्न वर्गों की महिलाओं ने पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर भाग लिया। प्रतिभागियों ने भारतीय परिधान में दौड़ लगाकर यह संदेश दिया कि फिटनेस के लिए किसी विशेष परिधान की आवश्यकता नहीं है — संकल्प और उत्साह ही असली शक्ति है।

**अनकही कहानियों को समर्पित:**

यह आयोजन उन अनगिनत महिलाओं की अनकही कहानियों को समर्पित रहा जो भारतीय परिधान पहनकर अपने दैनिक जीवन की "मैराथन" पूरी करती हैं - वे महिलाएं जो:

- ▶ **रसोई में घंटों खड़े रहकर परिवार का पालन-पोषण करती हैं**
- ▶ **खेतों में मेहनत करके अन्न का उत्पादन करती हैं**
- ▶ **मजदूरी कर परिवार की गाड़ी खींचती हैं**
- ▶ **बच्चों को गोद में लेकर भी कार्यस्थल पर जिम्मेदारी निभाती हैं**
- ▶ **घर-परिवार और बाहरी जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाती हैं**

यह आयोजन उनके जीवन-संघर्ष, समर्पण और अदम्य साहस को सलाम करने का प्रतीक बना। यह दौड़ केवल ट्रैक पर नहीं हुई, बल्कि हर उस महिला के सम्मान में थी जो रोजमर्रा की जिंदगी में अपनी शक्ति और धैर्य का परिचय देती है। इस दौड़ ने उन लाखों गुमनाम महिलाओं के संघर्ष और समर्पण को मुखर किया जो बिना किसी मेडल या प्रशंसा के रोजाना अपनी जीवन की दौड़ जीतती हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा **"आज की यह दौड़ उन सभी महिलाओं को समर्पित है जो भारतीय परिधान में रहकर भी हर चुनौती का सामना करती हैं और समाज की नींव मजबूत करती हैं।"**

**पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर दौड़ने वाली महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया कि –**

**▶ फ़िटनेस किसी विशेष कपड़े की मोहताज नहीं होती।**

**▶ पारंपरिक परिधान पहनकर भी महिलाएँ सशक्त, सक्षम और आत्मविश्वासी हैं।**

**▶भारतीय संस्कृति और आधुनिक सोच का संगम समाज में नई प्रेरणा ला सकता है।**

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त कदम:**

यह आयोजन न केवल फिटनेस का प्रतीक बना, बल्कि महिलाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर भी स्वस्थ रहने के लिये प्रेरित किया, साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने का संदेश भी दिया गया । इसमें शामिल विभिन्न आयु वर्ग और पृष्ठभूमि की महिलाओं ने मिलकर एकता, सौहार्द और सामूहिक सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत किया। “Run for Empowerment” के माध्यम से महिलाओं को यह प्रेरणा दी गई कि वे अपने स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को प्राथमिकता दें। यह आयोजन विशेष रूप से मध्य-आयु वर्ग की महिलाओं को अपनी फिटनेस यात्रा आरंभ करने के लिए प्रोत्साहित करने वाला साबित हुआ।

**पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि — “मिशन शक्ति का सार केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर उस प्रयास का प्रतीक है जो महिला को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सशक्त बनाता है। यह आयोजन इसी सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल है, जो यह संदेश देती है कि भारतीय नारी हर रूप में सक्षम है — चाहे वह वर्दी में हो या पारंपरिक भारतीय परिधान में।”**

इस आयोजन ने जनपद में महिला सशक्तिकरण की एक नई मिसाल कायम की है, जिससे समाज में यह सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ कि सशक्त नारी ही स्वस्थ, सुरक्षित और प्रगतिशील समाज की आधारशिला है।






VAAMA SAARTHI
मिशन शक्ति फेज 5.0
RUN FOR EMPOWERMENT
पुलिस लाइन्स
जनपद- कानपुर देहात
मिशन शक्ति
नारी स्वावलंबन

## 2- जनपद हमीरपुर - हर्डल रेस (बाधा दौड़) का आयोजन

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत एक अनोखी हर्डल रेस (बाधा दौड़) का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं के सामने आने वाली सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें दूर करने के सामूहिक संकल्प को सशक्त बनाना था।

इस प्रतीकात्मक दौड़ में प्रतिभागियों को निम्नलिखित सामाजिक बाधाओं को पार करना था —

- बाल विवाह
- शिक्षा का अभाव
- आत्मविश्वास की कमी
- नेतृत्व के अवसरों की कमी
- लैंगिक भेदभाव
- महिलाओं के साथ उत्पीड़न

प्रत्येक प्रतिभागी ने साहसपूर्वक इन बाधाओं को पार करते हुए फिनिश लाइन तक पहुँच बनाई — **यह उस हर महिला की यात्रा का प्रतीक है जो सामाजिक कुरीतियों से संघर्ष करते हुए “आत्मनिर्भर भारत की आत्मनिर्भर नारी” बनकर उभरती है।**

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और उपस्थित दर्शकों ने **“संकल्प पत्त” – एक Resolution Board – पर हस्ताक्षर कर यह प्रतिज्ञा ली कि वे महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता की दिशा में सक्रिय योगदान देंगे।**

इस आयोजन के माध्यम से हमीरपुर पुलिस ने मिशन शक्ति – सशक्त नारी, सशक्त भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दृढ़ किया।




मिशन शक्ति फेज-V
संकल्प पत्र
23/9/25
हमीरपुर


आत्मनिर्भर नारी
आत्मनिर्भर भारत
महिला उत्पीड़न

| |
|---|
| दिनांक 09.10.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 13/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद बरेली/थाना भोजीपुरा**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 लाख रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त घायल/मृत**
- **01 अवैध पिस्टल मय 18 जीवित, 17 खोखा कारतूस**
- **28 हजार 300 रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 09.10.2025 को थाना भोजीपुरा, थाना बारादरी, थाना इज्जतनगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर विलयधाम पुल के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में हे0का0 राहुल घायल हो गये, पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया एवं एक बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध पिस्टल मय 18 जीवित, 17 खोखा कारतूस, 28 हजार 300 रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुई। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया, जहाँ पर चिकित्सकों द्वारा अभियुक्त इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित को मृत घोषित कर दिया।

उल्लेखनीय है कि मृत अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी था, जिसके विरूद्ध जनपद बरेली, बहराइच, गोण्डा, हरदोई, बाराबंकी, मेरठ एवं कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 19 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना बिथरी चैनपुर पर पंजीकृत डकैती के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जोन स्तर से 01 लाख रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना भोजीपुरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**मृत अभियुक्त**

इफ्तेकार उर्फ धूम उर्फ लड्डे उर्फ सोल्जर उर्फ लोधा उर्फ शैतान उर्फ शाकिर उर्फ रोहित निवासी

**पतो का विवरण**

1—बरी चौक कादरगंज रोड थाना गंज डुण्डवारा जनपद कासगंज,

2—जगत भट्टा ग्राम भूपखेड़ी थाना टीला मोड जनपद गाजियाबाद

3—मौहल्ला मुकर्रमपुर कस्बा सीरसी जनपद सम्भल।

4—ग्राम मखरेडा थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद।

5— दुर्वेदी थाना बुढाना जनपद मुजफ्फरनगर।

6—आलमपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर।

7—ग्राम डेराबोजी थाना परौर जनपद शांजहापुर।

**बरामदगी**

1—01 अवैध पिस्टल मय 18 जीवित, 17 खोखा कारतूस।

2—28 हजार 300 रूपये नगद, 01 मोबाइल फोन।

3—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

## जनपद कानपुर देहात/थाना राजपुर

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 08.10.2025 को थाना राजपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पीताम्बरपुर मोड़ के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त राशिद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना राजपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना राजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राशिद निवासी तिलकनगर जमालशाह थाना कोतवाली जनपद औरैया।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद शामली/थाना कैराना

- **पुलिस कार्यवाही में 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 08.10.2025 को थाना कैराना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अलीपुर चौराहा रजवाहे के पास पुलिस कार्यवाही में अभियुक्त शाहिद घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना शामली पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद शामली के थाना कैराना पर सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कैराना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शाहिद निवासी मोहल्ला सुन्दरनगर थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद औरैया/थाना दिबियापुर

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 02 लाख 50 हजार रूपये कीमत के चोरी का माल**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 09.10.2025 को थाना दिबियापुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिझाईपुल रेलवे अण्डर पास–करोंधा गांव के पास चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों 1–कुलदीप कुमार 2–दीपक 3–रामचन्द्र को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 02 लाख 50 हजार रूपये कीमत के चोरी का माल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 28.09.2025 को थाना दिबियापुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना दिबियापुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद माल चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना दिबियापुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–कुलदीप कुमार निवासी खजुरिया बाग थाना कोतवाली जनपद उन्नाव।

2–दीपक निवासी नसीरपुर भिक्कन थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव।

3–रामचन्द्र निवासी अरसदपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

### बरामदगी

1–लगभग 02 लाख 50 हजार रूपये कीमत के चोरी का माल।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

3–01 मोटर साइकिल।

➢ **<u>जनपद फिरोजाबाद/थाना शिकोहाबाद (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व 30–30 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद फिरोजाबाद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/307 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–रामनरेश 2–रिन्कू 3–ज्ञानेश को आजीवन कारावास व 30–30 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

➢ **<u>जनपद जौनपुर/थाना मीरगंज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कारावास की सजा व 15 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद जौनपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद जौनपुर द्वारा थाना मीरगंज पर पंजीकृत अभियोग में धारा 304ख/498क भादवि व 4 डीपी एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त मेंहदी हसन को 10 वर्ष के कारावास व 15 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

➢ **<u>जनपद बाराबंकी/थाना मसौली (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 08 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बाराबंकी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बाराबंकी द्वारा थाना मसौली पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त दिलशाद को 08 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————————